>

Title: Need to ensure availability of fertilizers in Lakhimpur Kheeri Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : महोदय, भारत सरकार ने नेशनल फूड सिक्यूरिटी मिशन लॉन्च किया है जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश को भी लिया गया है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा तय किया गया था कि सीड, फर्टिलाइज़र, टैक्नोलॉजी और जो भी दूसरी सुविधाएं हैं, वे सरकार उपलब्ध कराएगी। उत्तर प्रदेश में रबी की बुवाई चल रही है। जैसा अभी कई वक्ताओं द्वारा बताया गया है कि रासायनिक खादों का बड़ा अभाव हो गया है। इसमें डीएपी, एनपीके और यूरिया शामिल है। मेरा अपना संसदीय क्षेत्र लखीमपुर खीरी भी खेती का बहुत बड़ा केन्द्र है जहां खाद न मिल पाने के कारण किसानों को बहुत ज्यादा दिक्कत हो रही है। आपके माध्यम से हमें सरकार से अनुरोध करना है कि वहां तीन रैक ट्रेन रासायनिक खाद की उपलब्धता तत्काल कराई जाए जिससे किसान अपनी बुवाई पूरी कर सकें और खाद्यान्न उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।